(5)

# शहर में किल कोरोना अभियान

# 2.68 लाख में से 897 ने माना सर्दी, खांसी व बुखार है

भास्कर संवाददाता | रतलाम

18-8-21

कोरोना पर लगाम लगाने के लिए शहर में किल कोरोना अभियान चल रहा है। 2.68 लाख लोगों में से 897 लोगों में ही लक्षण मिले हैं। सांस लेने में परेशानी किसी को नहीं है।

शहर में लोगों की बीमारी ज्यादा ना बढ़े... सीरियस कंडीशन में अस्पताल जाने की नौबत ना आए, इसलिए शहर में कोरोना के लक्षण वाले मरीजों को घर-घर जाकर ढूंढ रहे है, ऐसा इसलिए ताकि उन्हें प्राथमिक स्टेज पर ही दवा दें दे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अलग-अलग इलाकों में जा रही है। इधर, सोमवार तक शहर में 54132 घरों में 2,68,287 लोगों से टीम सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश, दर्द, दस्त, सांस लेने में परेशानी के बारे में पूछ चुकी है। इनमें से 897 लोगों ने लक्षण के बारे में बताया।

| लक्षण और मिले मरीज | |
|---|---|
| बुखार | 290 |
| सर्दी-खांसी | 528 |
| गले में खराश | 55 |
| दस्त | 4 |
| सूंघने की क्षमता में कमी | 0 |
| अत्यधिक कमजोरी | 20 |
| सांस लेने में परेशानी | 0 |
| कुल | 897 |

## कुछ क्षेत्र कंटेनमेंट में आ गए वहां सर्वे नहीं हो सका

*कुछ क्षेत्र कंटेनमेंट में आ गए है। इसलिए अभी वहां सर्वे नहीं हुआ है। जिन्होंने जानकारी दी है, उनको दवा की किट दे दी है। ताकि, शुरुआती दौर में ही इलाज हो सके।*

**लोकेश वैष्णव**, सर्वे प्रभारी

## सर्दी, खांसी या बुखार है तो... इन केंद्रों पर जांच करवाएं

यदि आपको सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश, सांस लेने में परेशानी है तो वार्ड 33, 34, 35, 36 व 31 के लोग टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 के लोग जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डीमार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 के लोग दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 के लोग मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 के लोग हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 के लोग सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 के लोग रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर जांच करवा सकते हैं।

दै. भास्कर 18-8-21

# "किल कोरोना-3" अभियान के तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए "किल कोरोना-3" अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।

'किल कोरोना-3' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक ... 42 व 43 हेतु हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रो पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो० नं० 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशीघ्र सर्दी/खांसी/फ्लू के लक्षण वाले रोगियों को प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा, गले में खराश/सांस लेने में कठिनाई/बदन दर्द/ सिर दर्द के साथ बुखार; आदि लक्षण युक्त रोगियों का लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड-19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिकपर रैफरल का कार्य किया जायेगा।

किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी

(16)

# कोरोना से मृतक कर्मचारी के परिवार को 5 लाख रु. और अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी

**1 मार्च के बाद कोरोना से मौत वाले आएंगे इस दायरे में**

भास्कर न्यूज़|भोपाल

प्रदेश में कोरोना से मरने वाले कर्मचारियों के परिवार में से पात्र दावेदार को अनुकंपा नियुक्ति और 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कोरोना महामारी के लिए दो बड़ी योजनाओं की घोषणा की। यह हैं- मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना और विशेष अनुग्रह योजना। कोविड अनुकंपा नियुक्ति योजना में नियमित कर्मचारी, कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ, संविदा कलेक्टर पद पर कार्यरत सेवक के परिवार को उसी पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। दूसरी, कोरोना से मृतक इन कर्मचारियों के परिवार में से पात्र दावेदार को 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।यह योजना 1 मार्च 2021 से लागू होगी।

शेष | पेज 7 पर

## कोरोना से मृतक कर्मचारी के ...

इसमें यह भी अहम होगा कि 1 मार्च के बाद जो कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव हुए हैं उनकी 60 दिन के भीतर मृत्यु हुई है, उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा। मृतक कर्मचारी के परिवार में से एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगा। इससे पहले जिन कर्मचारियों की कोरोना से मृत्यु हुई है, वह कोरोना योद्धा योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ पाने के पात्र होंगे, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

18-5-21

**सीएम ने किया ऐलान: दो योजनाएं लाएगी राज्य सरकार**

# कोरोना से मृत कर्मियों के परिजन को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति, ₹5 लाख भी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 18-5-21

भोपाल. प्रदेश में कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले सरकारी कर्मचारियों के परिवार में से किसी एक सदस्य को सरकार अनुकंपा नियुक्ति देगी। उनके आश्रितों के भरण-पोषण के लिए पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। सोमवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने यह ऐलान किया।

उन्होंने कहा, संकट काल में कर्मचारियों ने समर्पण के साथ कर्तव्य का निर्वहन किया है। ऐसे में कई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाएं भी हुई हैं। कई कर्मचारी कोरोना के दौरान बिछड़ गए। उनके परिवारों की देखभाल करना सरकार की जवाबदारी है। इसलिए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए दो योजनाएं 'मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना' और 'मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना'




## देश का पहला राज्य

मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहां कर्मचारियों के हित में ऐसी योजनाएं लागू की गई हैं। कर्मचारी संगठनों ने कहा, इन योजनाओं में खास बात यह है कि नियमित, दैनिक वेतनभोगियों, स्थाई कर्मियों, संविदा कर्मी और कलेक्टर दर आदि सभी प्रकार के कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति और अनुग्रह राशि मिलेगी।

## जानें योजनाओं के बारे में

**अनुकंपा नियुक्ति योजना:** मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना नियमित स्थाईकर्मी, कार्यभारित और आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ, संविदा, कलेक्टर दर, आउटसोर्स के रूप में कार्यरत शासकीय सेवकों के लिए होगी। इसमें इन कर्मचारियों की कोविड से मौत होने पर उनके परिवार के एक पात्र सदस्य को उसी नियोजन में अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। आशा

**विशेष अनुग्रह योजना:** राज्य में कार्यरत सभी नियमित, स्थाईकर्मी, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ, संविदा, आउटसोर्स, अन्य शासकीय सेवक-सेवायुक्तों की कोविड-19 के कारण आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करने का भी फैसला किया गया है। योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा

(15)

# चौराहों पर बढ़ाई सख्ती, प्रत्येक आने-जाने वालों से हो रही पूछताछ

पत्रिका सोशल वैल्यू

## मुख्यमंत्री के आने की सुगबुगाहट भी दिनभर चलती रही, हो चुकी है गोपनीय बैठक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 18-5-21



रतलाम. शहर के प्रमुख चौराहों पर कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन कराने के लिए पुलिस ने सख्ती बढ़ाते हुए फोर्स भी तैनात कर दिए हैं। इसी बीच सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम आगमन को लेकर दिनभर चर्चा चलती रही। इसे लेकर रविवार की शाम को जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों की गोपनीय बैठक भी हो चुकी थी किंतु देर रात उनका आना निरस्त हो गया था। इसके साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए थे कि यदि मुख्यमंत्री का रतलाम दौरा अचानक तय होता है तो दो घंटे के शार्ट नोटिस में ही सारी तैयारियां कर ली जाए।

### कोरोना को लेकर मंत्री का दो बार दौरा

जिले के प्रभारी मंत्री कोरोना महामारी की समीक्षा के लिए दो बार जिले का दौरा कर चुके हैं। दोनों ही बार उन्होंने अपने अन्य कार्यक्रमों की बजाय कोरोना को लेकर ही ध्यान केंद्रित किया था। उनकी रिपोर्ट के बाद मुख्यमंत्री चौहान का रतलाम दौरे की तैयारियां की गई थी। वैसे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आने को लेकर दो दिन से सुगबुगाहट चल रही थी। फिलहाल मुख्यमंत्री का रतलाम दौरा टला हुआ नहीं मान सकते हैं।

### 25 तक कर्फ्यू लागू

शहर और जिले में कोरोना के बढ़ते केस की वजह से जिला प्रशासन 25 मई तक कोरोना कर्फ्यू बढ़ा चुका है। इसके बाद भी लगातार केस बढ़ते जा रहे हैं और इनमें कोई कमी नहीं आ रही है। कुछ जरुरी सेवाओं के साथ ही आम जन को जरुरी कामों से बाहर निकलने की छूट प्रदान की हुई है किंतु अब पुलिस आगामी दिनों में और ज्यादा सख्ती करके बेवजह घरों से बाहर निकलने वालों पर सख्ती करने जा रही है।

## पुलिस और प्रशासन ने चलाई वाहन जब्ती की मुहिम



शहर में कोरोना कर्फ्यू लगा होने के बाद भी बेवजह घरों से निकलकर बाजारों में आने वालों से सख्ती से निपटने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई शुरू की है। सोमवार को लॉकडाउन के चलते बेवजह घूमने वालों के वाहनों को रोक कर वाहन को किया जा रहा जब्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। वाहन चालक को अस्थाई जेल भेजा जा रहा। जिला प्रशासन ने कंटेनमेंट इलाकों का जायजा भी लिया है। कंटेनमेंट एरिया से बाहर निकले युवक को रोका गया। अधिकारी उन्हें वापस कंटेनमेंट में ही भेजकर चेतावनी के साथ समझाइश भी दे रहे हैं कि दोबारा निकले तो उन पर भी कार्रवाई होगी।

पत्रिका
18-5-21

# असहाय परिवारों की मदद करेंगे विधायक

## निर्देश ● विधायकों को एक सप्ताह में प्रभावित परिवारों की सूची बनवाने का दिया लक्ष्य

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना महामारी से प्रभावित परिवारों की मदद विधायक करेंगे। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला नहीं रह गया है, उनकी सूची विधायक बनवाएंगे। इसके लिए स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर से विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित कई विधायकों से बात करके उन्हें एक सप्ताह में यह काम करवाने के लिए कहा है। मालूम हो, कोरोना संक्रमण की वजह से अनाथ बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए योजना लागू करने की घोषणा राज्य सरकार ने की है।

कोरोना संक्रमण की वजह से कई परिवारों में मुखिया का निधन हो गया तो कुछ बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। ऐसे में बेसहारा बच्चों की चिंता शिवराज सरकार ने की है। मुख्यमंत्री ने ऐसे बच्चों को पांच हजार रुपये महीना पेंशन, निशुल्क राशन और शिक्षा की व्यवस्था के लिए योजना बनाई है। जिन परिवारों में अब मुखिया महिला हैं और स्वरोजगार करना चाहती हैं, उन्हें सरकार अपनी गारंटी पर बैंक से ऋण भी दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा है कि वे संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हों। उन्हें राहत दिलाने के लिए प्रयास करें। बेसहारा परिवारों की सूची बनाकर भेजें। इसके लिए गांव-गांव में सर्वे कराएं। सिसोदिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके लिए प्रपत्र भी तैयार करके उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें गांव, बच्चे का नाम, मां के नाम सहित अन्य जानकारी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि इस योजना का प्राथमिकता में लिया जाए। कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोर ग्रुप के साथ कोरोना नियंत्रण एवं व्यवस्थाओं की वर्चुअल समीक्षा की। ● जनसंपर्क विभाग



## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को फोन पर बताया, प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति अब नियंत्रण में

भोपाल। मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति अब नियंत्रण में है। नए प्रकरणों की संख्या तेजी के साथ घट रही है। सोमवार को पांच हजार 921 नए पॉजिटिव प्रकरण आए और स्वस्थ होकर घर जाने वाले मरीजों की संख्या 11 हजार 513 रही है। प्रदेश में स्वस्थ होने की दर 87 फीसद है और संक्रमण दर (पॉजिटिविटी रेट) नौ प्रतिशत है। संक्रमण की कड़ी को तोड़ने के लिए किल कोरोना अभियान चल रहा है। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर चर्चा में दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को आक्सीजन और रेमडेसिविर इंजेक्शन की पर्याप्त आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर तक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया गया है। कोरोना कर्फ्यू का सफल क्रियान्वयन जन सहयोग से हो रहा है। पोस्ट कोविड केयर सेंटर भी खोले जा रहे हैं। ब्लैक फंगस बीमारी के इलाज के लिए प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेज (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा) में विशेष वार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश को हरसंभव मदद करेंगे।

## संबल योजना में शामिल होंगे तेंदूपत्ता संग्राहक

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना संकट की इस घड़ी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी संबल योजना का लाभ मिलेगा। उन्हें लाभांश की राशि भी दी जा रही है, जो इस समय राहत भरी होगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 27.35 लाख संग्राहकों के खातों में 191 करोड़ रुपये से अधिक लाभांश की राशि उनके खाते में जमा कराते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सभी तेंदूपत्ता संग्राहकों को संबल योजना में शामिल करने की घोषणा भी की। वन मंत्री विजय शाह ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के खातों में अगले 15 दिन में 650 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में तीन साल के बोनस के रूप में 191 करोड़ 45 लाख रुपये का वितरण किया गया।

नई दुनिया

# मिली राहत : 25 दिन बाद 200 से कम नए संक्रमित

## राहत ● सरकारी और निजी अस्पतालों में अब आसानी से मिलने लगे बेड, जरूरी दवा-इंजेक्शन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की रोकथाम को लेकर किए जा रहे प्रयास से अब कुछ राहत मिलने लगी है। संक्रमितों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है, वहीं मरीजों के स्वस्थ होने का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। जिले में जगह-जगह बनाए जा रहे कोविड केयर सेंटर से सरकारी और निजी अस्पतालों पर दबाव भी कम पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को आसानी से बेड के साथ जरूरी दवा-इंजेक्शन आदि उपलब्ध हो रहे हैं। 25 दिन बाद रविवार को 200 से कम नए संक्रमित केस सामने आए। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता कुछ कम हुई है।

अप्रैल 2021 से घातक सिद्ध हो रही कोरोना की दूसरी लहर की रोकथाम को लेकर नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा लगातार व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है। इसका असर भी अब दिखने लगा है। नौ मई से लगातार नए संक्रमितों की संख्या घट रही है और स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा बढ़ रहा है। इससे सभी राहत महसूस कर रहे हैं। गत अप्रैल माह में साल से 16 तारीख तक प्रतिदिन 100 से अधिक नए संक्रमित केस सामने आ रहे थे। 22 अप्रैल से लगातार 200 से अधिक नए संक्रमित केस सामने आना शुरू हुए थे, वहीं मई माह की शुरुआत से इनकी संख्या बढ़कर 300 के पार पहुंच गई थी। स्वस्थ होने वाले मरीजों का आंकड़ा भी घट गया था। अस्पतालों में गंभीर मरीजों को बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे, वहीं जरूरी दवा-इंजेक्शन, उपकरणों का भी टोटा बना हुआ था, लेकिन अब धीरे-धीरे व्यवस्था पटरी पर लौट रही है।

### जगह-जगह बन रहे कोविड केयर सेंटर

कोरोना की रोकथाम के लिए शासन-प्रशासन के साथ कई समाजसेवी और संस्थाएं दिन-रात जी-जान से जुटे हुए हैं। जिले में जगह-जगह बनाए जा रहे कोविड केयर सेंटर में मरीजों को बेहतर उपचार मिलने से रतलाम के मेडिकल कालेज सहित अन्य निजी अस्पतालों पर दबाव कुछ कम हुआ है। इसके पहले मरीजों को बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। मजबूरी में मरीज का या तो घर पर उपचार करवाया जा रहा था या फिर अन्यत्र ले जाया जा रहा है।

### एक नजर कोरोना की चाल पर




| तारीख | पाजिटिव | स्वस्थ |
|---|---|---|
| 21 अप्रैल | 135 | 191 |
| 22 अप्रैल | 235 | 202 |
| 23 अप्रैल | 263 | 133 |
| 24 अप्रैल | 260 | 170 |
| 25 अप्रैल | 245 | 212 |
| 26 अप्रैल | 299 | 281 |
| 27 अप्रैल | 272 | 215 |
| 28 अप्रैल | 296 | 133 |
| 29 अप्रैल | 280 | 178 |
| 30 अप्रैल | 255 | 267 |
| 01 मई | 325 | 306 |
| 02 मई | 345 | 293 |
| 03 मई | 355 | 329 |
| 04 मई | 308 | 228 |
| 05 मई | 385 | 316 |
| 06 मई | 380 | 050 |
| 07 मई | 379 | 020 |
| 08 मई | 398 | 055 |
| 09 मई | 360 | 039 |
| 10 मई | 350 | 078 |
| 11 मई | 330 | 215 |
| 12 मई | 305 | 314 |
| 13 मई | 298 | 282 |
| 14 मई | 270 | 277 |
| 15 मई | 244 | 369 |
| 16 मई | 190 | 344 |






### सावधानी और सतर्कता जरूरी

जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल का कहना है कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए सावधानी और सतर्कता जरूरी है। लापरवाही से संक्रमण फैल रहा है। सभी को जागरूक होकर कोरोना से जंग लड़ना है। कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाने के साथ कोविड-19 नियमों का पालन करना जरूरी है। टीका लगवाने के बाद भी मास्क लगाना और दो गज की दूरी का पालन करना है।



सरकार को वैक्सीनेशन में तेजी लाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को टीका लग सके। जहां तक संभव हो अपने घर में रहें। आमजन को भी अपनी दिनचर्या में बदलाव लाकर इम्युनिटी बढ़ाने के लिए योग प्राणायाम व पौष्टिक आहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। **-अशोक मोदी** व्यवसायी, हनुमान गली जावरा



कोरोना की दूसरी लहर ने गांव में भी पैर पसार लिए हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। इस महामारी से जंग में यदि जितना है तो हमारा भी कर्तव्य है कि सतर्कता व प्रोटोकाल का पालन करें। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और मास्क जरूर लगाएं। **- कविता पोरवाल**, गृहिणी, राम भवन कोठी बाजार जावरा



मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा। कोरोना हारेगा-भारत जीतेगा। इस महामारी को हराने में शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन का पालन करें और अनावश्यक घरों से नहीं निकलें और स्वयं के साथ दूसरे की भी सुरक्षा जरूरी है। नंबर आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाए। घर रहें-स्वस्थ रहें।

**- प्रद्युम्न बैरागी**, आक्यावेनी



मास्क, शारीरिक दूरी के अलावा दिनचर्या में व्यायाम, योग प्राणायाम भी जरूरी है। पात्रता अनुसार नंबर आने पर शीघ्र टीका लगवाएं। स्वयं भी गाइड-लाइन का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। जिम्मेदार नागरिक बनकर कर्तव्यों का पालन करें। **- ओपी चौधरी**, अधिवक्ता, लेखक व स्वयंसेवक आर्ट आफ लिविंग, रतलाम



सरकार को ग्रामीण क्षेत्र में भी कोविड सेंटर खोलना चाहिए। कुछ लोग ऐसे हैं, जिनके मन में पुलिस व प्रशासन का कोई भय नहीं है। बुखार, सर्दी, खांसी के लक्षण होने पर अस्पताल जाकर जांच करवाएं। मुंह पर मास्क लगाएं व जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। **-मनीष मेहता**, व्यवसायी, कोठी बाजार जावरा



कुछ समय के लिए सार्वजनिक रूप से मिलने से बचें। मास्क अवश्य लगाकर रखें। अपने हाथों को बार-बार सैनिटाइज करते रहें। दो गज की दूरी बनाकर रखें। कोविड-19 गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करें। जरा-सी लापरवाही से गंभीर संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। **- हेमंत गढली**, विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल, जावरा



कोरोना महामारी के इस दौर से निपटने के लिए सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। जनता का भी फर्ज है कि शासन की गाइड-लाइन का पालन करना चाहिए। मास्क, सैनिटाइजर व दो गज की दूरी का पालन करें। कोरोना की चेन को तोड़ने के लिए जनता को शासन की गाइड-लाइन का पालन करना होगा। **-अमरसिंह मंडलोई**, सचिव, ग्राम पंचायत सिमलावदा



ग्रामीणजनों को कोरोना महामारी को लेकर सतर्क होना होगा। सर्दी, खांसी, बुखार होने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। वैक्सीन के लिए पंजीयन कराएं। गांवों में संक्रमित ज्यादा मिल रहे हैं। सभी को कोविड-19 नियमों का पालन करने की जरूरत है। **- दरबारसिंह राठौर**, सरपंच, ग्राम पंचायत रत्तागढ़खेड़ा

नईदुनिया।
18.5.21।

**7 दिन में 93 कंटेनमेंट** • लापरवाही ऐसी कि इंदिरा नगर में जो घर के बाहर घूमता मिला वो खुद डॉक्टर

# कंटेनमेंट बनाकर संक्रमण को किया काबू सीमा लांघने वाले 6 लोगों पर की कार्रवाई

### कंटेनमेंट क्षेत्र में सर्वे करने पर तीन नए संक्रमित मरीज मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

18-5-21

कोरोना को काबू करने के लिए कंटेनमेंट बनाने का कदम कारगार साबित हो रहा है। हर दिन जहां पॉजिटिव मरीज दो या उससे ज्यादा आते हैं, वहां कंटेनमेंट बनाया जा रहा है। सात दिन में शहर में 93 कंटेनमेंट बनाए हैं। शहर में कंटेनमेंट बनने शुरू होने के बाद संक्रमित मिलने की संख्या भी कम हो गई है। पहले जो 400 मरीज मिल रहे थे वे अब 200 के अंदर आ गए हैं।

कंटेनमेंट तोड़कर अंदर या बाहर घूम रहे हैं। शिकायत मिलने पर सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत, तहसीलदार नवीन गर्ग के साथ कंटेनमेंट क्षेत्र में चेकिंग की। इंद्रलोक नगर और इंदिरा नगर साईं मंदिर के पास बने कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने वाले 6 व्यक्तियों पर कार्रवाई की। इंद्रलोक नगर वाले कंटेनमेंट क्षेत्र में सैंपलिंग करके जांच करने पर 11 मकानों में 3 व्यक्ति पॉजिटिव निकले।

## मौसम : इंद्रलोक नगर में लोगों ने कंटेनमेंट तोड़ा तो बारिश ने भी दिखाया असर



इंद्रलोक नगर में कंटेनमेंट बनाने के लिए की अस्थायी बैरिकेडिंग बारिश और तेज हवा से गिर गई। फोटो- राकेश पोरवाल

## जानलेवा संक्रमण फिर भी कंटेनमेंट का महत्व नहीं समझ रहे हैं

**लापरवाही 1. दो मृत्यु के कार्यक्रम में, दो फैक्टरी चले, एक बाहर निकल आया :** मॉर्निंग स्टार के समीप इंद्रलोक नगर के कंटेनमेंट में 11 मकान है। इनमें 37 व्यक्ति हैं। टेस्ट करने पर तीन पॉजिटिव निकले। रहवासी कंटेनमेंट तोड़ने से नहीं चूक रहे। सोमवार को सात लोग कंटेनमेंट में नहीं मिले। फोन लगाने पर दो व्यक्तियों ने परिवार में मृत्यु होने का कारण बताया दो फैक्टरी चले गए थे। एक बाहर घूम रहा था, दो ने फोन नहीं उठाया। इनमें से 3 को तत्काल कंटेनमेंट में बुलाया पंचनामा बनाया।

**लापरवाही 2. डॉक्टर ही घूम रहे थे बाहर :** इंदिरा नगर क्षेत्र में साईं मंदिर के पास कंटेनमेंट क्षेत्र बना है। कलेक्टर अफसरों को लेकर पहुंचे तो एक व्यक्ति बाहर घूमते दिखाई दिए। पूछने पर खुद को डॉक्टर बताया। इस पर अफसरों ने समझा बुझाकर वापस घर में भेजा। बाकी घरों का कोई भी सदस्य बाहर घूमता नहीं मिला। इस क्षेत्र के घरों से भी जल्द ही सैंपल लिए जाएंगे। बिना कारण घूमने वाले लोगों तथा गली मोहल्लों में अकारण समूह बनाकर बैठने, घूमने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई कर रहे हैं।

## सोमवार को 19 कंटेनमेंट बनाए

पॉजिटिव मिलने के बाद शहर में सोमवार को नगर निगम, राजस्व अमले ने 19 कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए हैं। 11 मई से अब तक 93 क्षेत्र में कंटेनमेंट बनाए जा चुके हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया इन क्षेत्रों में हैंड मशीन से सैनिटाइजर छिड़ रहे हैं।

**सोमवार को यहां बने कंटेनमेंट :** बाणेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, तेजा नगर गली नंबर 4, आदर्श गुरु कल्याण नगर, रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इंद्रा नगर, सैनिक कॉलोनी, टाटा नगर गली नंबर 1 व 8, सिलावटों का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पैलेस, राजस्व कॉलोनी, खटीक मोहल्ला, हाथीखाना

दै. भास्कर
18-5-21

(2)

## 112 मरीजों तक पहुंचाई मेडिसिन किट

लखनऊ | कोविड-19 संक्रमित होकर होम आईसोलेशन में इलाज करवा रहे 112 मरीजों को नगर निगम की टीम ने सोमवार को घर जाकर मेडिसिन किट दी। ई-दक्ष केंद्र से निगम को 134 की सूची मिली थी। 112 मरी घर पर मिले, 8 अस्पताल में भर्ती थे। तीन मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर के निकले, 6 को पहले ही किट मिल चुकी थी। 5 के कांटेक्ट नंबर और पते गलत निकले।

अमर उजाला
18-5-21

### 112 मरीजों को मेडिसिन किट वितरित

ई-दक्ष केंद्र से 16 व 17 मई को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 134 मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 112 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। आठ मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। तीन मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। छह मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया तथा पांच मरीजों के कान्टेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। इसके अलावा 194 मेडिसीन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

नई दुनिया
18-5-21

# टाक्टे का असर, रतलाम में दूसरे दिन तेज बारिश, सड़कें तरबतर

## मौसमी बदलाव ● कुछ देर राहत के बाद उमस ने किया बेचैन, आज भारी बारिश की संभावना






अरब सागर में उठे टाक्टे तूफान का असर रतलाम में भी दिखा। लगातार दूसरे दिन सोमवार दोपहर तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी बह निकला। शहर के दो बत्ती चौराहे पर तरबतर सड़क। ● नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** गुजरात-राजस्थान की सीमा से लगे जिले में कई स्थानों पर दूसरे दिन सोमवार को भी टाक्टे तूफान का असर देखने को मिला। सुबह से बादलाई मौसम के बाद दोपहर दो बजे बाद तेज बारिश शुरू हो गई। इससे सड़कें तरबतर हो गईं। रिमझिम-तेज बारिश का सिलसिला रुक-रुककर चलता रहा। कुछ देर लोगों गर्मी से राहत मिली, वहीं बाद में उमस ने बेचैन कर दिया। बारिश से दिन और रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

जिले में रविवार शाम से शुरू हुआ बेमौसम बारिश का सिलसिला सोमवार को भी चलता रहा। अचानक बारिश से सड़कों पर आवाजाही करने वाले राहगीर व दोपहिया वाहन चालक बचाव के लिए इधर-उधर सुरक्षित स्थान तलाशते नजर आए, वहीं कई युवा बाइकों पर भीगते हुए गंतव्य तक पहुंचे। बारिश के दौरान कुछ क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौनी का खेल भी चला। इससे लोगों की परेशानियां बढ़ गईं। उधर, मौसम विभाग ने मंगलवार को भी तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। बारिश का यह सिलसिला रुक-रुक कर तीन-चार दिन तक भी बना रह सकता है।

**9.4 डिग्री लुढ़का दिन का तापमान**

लगातार दो दिन से हो रही बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 34.2 व न्यूनतम 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार की तुलना में सोमवार को न्यूनतम तापमान में जहां 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई, वहीं अधिकतम तापमान

नई दुनिया
18-5-21

5

# कंटेनमेंट के 11 मकानों की सैंपलिंग में तीन नए पॉजिटिव, उधर उल्लंघन करने की 6 पर कार्रवाई

रतलाम। शहर में बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत एवं तहसीलदार नवीन गर्ग द्वारा शहर के विभिन्न कंटेनमेंट क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने पर छह व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। तहसीलदार श्री गर्ग ने बताया कि इंद्रलोक नगर में मॉर्निंग स्टार के समीप बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में 11 मकानों में निवासरत 37 लोगों की सैंपलिंग की गई। इस सैंपलिंग में तीन व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए। ये पॉजिटिव संक्रमित परिवारों के अतिरिक्त पाए गए हैं। इस कंटेनमेंट क्षेत्र में निवासरत सात लोग कंटेनमेंट क्षेत्र में नहीं पाए गए। इन्हें फोन लगाकर लगाया गया। दो व्यक्तियों ने परिवार में मृत्यु होने का कारण बताया जबकि दो व्यक्ति फैक्ट्री में काम पर चले गए। एक व्यक्ति कंटेनमेंट क्षेत्र के बाहर बगैर काम के चला गया और दो व्यक्तियों ने फोन नहीं उठाया। फोन पर संपर्क हुए 3 व्यक्तियों को तत्काल कंटेनमेंट क्षेत्र में बुलाया गया, पंचनामा बनाया गया। इसी प्रकार इंदिरा नगर क्षेत्र में साईं मंदिर के पास बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में निवासरत एक चिकित्सक क्षेत्र के बाहर पाए गए। इन सभी व्यक्तियों के खिलाफ धारा 188, 269, 270, महामारी अधिनियम की धारा 51 बी के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि शहर में बनाए गए विभिन्न कंटेनमेंट क्षेत्रों में निवासरत लोगों की सैंपलिंग भी की जा रही है और कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त बिना कारण घूमने वाले लोगों तथा गली मोहल्लों में अकारण समूह बनाकर बैठने, घूमने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। 18-5-21

18-5-21

# कंटेनमेंट क्षेत्र के 11 मकानों की सैंपलिंग में तीन पाजिटिव मिले

## बाहर निकलने वाले छह लोगों पर कार्रवाई



कंटेनमेंट क्षेत्र का जायजा लेते हुए तहसीलदार नवीन गर्ग। • नईदुनिया 18-5-21



रतलाम। शहर में बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन कर लोगों के बाहर निकलने की जानकारी मिलने के बाद अब प्रशासकीय अमला मौके पर जाकर संबंधितों पर कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत एवं तहसीलदार नवीन गर्ग द्वारा शहर के विभिन्न कंटेनमेंट क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने पर छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

तहसीलदार गर्ग ने बताया कि इंद्रलोक नगर में मार्निंग स्टार के समीप बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में 11 मकानों में निवासरत 37 लोगों की सैंपलिंग की गई। इसमें संक्रमित परिवारों के अतिरिक्त तीन व्यक्ति पाजिटिव पाए गए। इस कंटेनमेंट क्षेत्र में निवासरत सात लोगों के कंटेनमेंट क्षेत्र में नहीं होने पर इन्हें फोन लगाया गया तो दो व्यक्तियों ने परिवार में मृत्यु होने का कारण बताया जबकि दो व्यक्ति फैक्ट्री में काम पर चले गए। एक व्यक्ति कंटेनमेंट क्षेत्र के बाहर बेवजह चला गया और दो व्यक्तियों ने फोन नहीं उठाया। फोन पर संपर्क हुए तीन व्यक्तियों को तत्काल कंटेनमेंट क्षेत्र में बुलाकर पंचनामा बनाया गया। साईं मंदिर के पास बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में निवासरत एक चिकित्सक क्षेत्र के बाहर पाए गए। इन सभी के खिलाफ धारा 188, 269, 270, महामारी अधिनियम की धारा 51 बी के तहत कार्रवाई की गई।

नईदुनिया
18-5-21

## मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुंकपा नियुक्ति योजना

भोपाल ● मध्यप्रदेश में कोविड से मरने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार नई योजना लागू करने जा रही है। इसके तहत कोरोना से मरने वाले कर्मचारियों के परिवारवालों में से किसी एक को समान पद पर नियुक्ति दी जाएगी। साथ ही 5 लाख रुपए आर्थिक सहायता के तौर पर एकमुश्त दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुंकपा नियुक्ति योजना और विशेष अनुग्रह योजना लाने जा रही है। यह घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को की। योजना का लाभ सभी नियमित, स्थाई कर्मचारी, कार्यभारित व आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले, दैनिक वेतन भोगी, संविदा, कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

( विस्तृत अंतिम पृष्ठ पर )

## सभी जिलों में कोरोना कर्फ्यू बढ़ा

भोपाल ● 17 मई ( ब्यूरो ) मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण पर काबू पाने के लिए कोरोना कर्फ्यू काफी मददगार साबित हुआ है और इसी को ध्यान में रखते हुए सभी 52 जिलों में संबंधित जिला आपदा प्रबंधन समिति के निर्णय उपरांत कोरोना कर्फ्यू की अवधि बढ़ा दी गई है। राज्य के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने आज यहां बताया कि इस संबंध में संबंधित जिला कलेक्टरों ने आदेश जारी किए हैं। बुरहानपुर जिले में कोरोना कर्फ्यू की अवधि 20 मई की सुबह छह बजे तक बढ़ाई गई है। भोपाल समेत 25 जिलों में कर्फ्यू 24 मई की सुबह छह बजे तक बढ़ाया गया है। इनमें जबलपुर, रीवा, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, सिंगरौली, सतना, सीधी, अशोकनगर, धार, मंदसौर, राजगढ़, टीकमगढ़, पन्ना, खरगोन, गुना, बड़वानी, शाजापुर, निवाड़ी, खंडवा, छतरपुर, झाबुआ, कटनी, हरदा और दतिया जिले शामिल हैं। आलीराजपुर, नरसिंहपुर, बैतूल, अनूपपुर और रतलाम जिलों में कर्फ्यू 25 मई की सुबह छह बजे तक बढ़ाया गया है। 2-5-21

### कोविड-19 में दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों की देखभाल हमारी जिम्मेदारी - मुख्यमंत्री

# प्रभावित परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति और आर्थिक सहायता

भोपाल ● 17 मई ( ब्यूरो )

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि कोविड के संकटकाल में हमारे कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए जब हम लोगों से घरों में बने रहने की अपील कर रहे हैं, तब ये कर्मचारी भाई-बहन दिन-रात मैदान में अपनी जान हथेली पर रखकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इन्हीं के प्रयासों से व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऐसे में कई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाएं भी हुई हैं। काम करते हुए हमारे कई कर्मचारी भाई-बहन कोविड-19 के दौरान हमसे बिछड़ गए, उनकी जीवनलीला समाप्त हो गई। उनके परिवारों की देखभाल और उनकी चिंता करना हमारी जवाबदारी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए दो योजनाएं बनाई जाएंगी। यह हैं मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना तथा मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना।

**मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि राज्य में कार्यरत समस्त, नियमित, स्थायीकर्मी, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ, संविदा, आउटसोर्स, अन्य शासकीय




**मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना-** मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना में समस्त नियमित स्थायीकर्मी, कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ, संविदा, कलेक्टर दर, आउटसोर्स के रूप में कार्यरत शासकीय सेवकों के लिए लागू की गई है। योजना के अंतर्गत इन सेवायुक्तों को कोविड संक्रमण से मृत्यु होने पर उनके परिवार के पात्र एक सदस्य को उसी प्रकार के नियोजन में अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी।।

सेवक/सेवायुक्तों की कोविड-19 के कारण आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

## आयुष्मान योजना का लाभ नहीं देने के मामले में चिरायु अस्पताल को नोटिस

भोपाल ● केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आयुष्मान कार्डधारकों को नि:शुल्क इलाज मुहैया कराने से इनकार करने संबंधी वीडियो जारी होने के बाद आज आयुष्मान भारत, निरामयम, मध्यप्रदेश ने भोपाल के निजी चिरायु मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब-तलब किया है। आयुष्मान भारत, निरामयम, मध्यप्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. विश्वनाथन की ओर से जारी किए गए नोटिस में कल से सोशल मीडिया में चल रहे चिरायु अस्पताल के एक अधिकारी के विवादित वीडियो का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि चिरायु अस्पताल आयुष्मान कार्डधारकों के इलाज के लिए अधिकृत है और वह उनके नि:शुल्क इलाज के लिए इनकार नहीं कर सकता है। इसके अलावा ऐसे कार्डधारकों को 20 प्रतिशत बेड सुरक्षित रखना भी आवश्यक है। नोटिस में इसका तीन दिनों के अंदर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया में कल से एक वीडियो चल रहा है, जिसमें एक युवा अधिकारी अस्पताल के संचालक डॉक्टर गोयनका ( डॉ. अजय गोयनका ) का हवाला देते हुए एक युवक को धमकी देते अंदाज में कहता है कि इस अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज नहीं होगा। वो यह भी कहता है कि अस्पताल जवाब सरकार को देने के लिए प्रतिबद्ध है।

2-5-21

18-5-21



कंटेनमेंट क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया



18-5-21

**कंटेनमेंट क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन**

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर बनाए गए विभिन्न कंटेनमेंट क्षेत्रों में फायर लारी, ट्रैक्टर व हैंड स्प्रे मशीन से 93 कंटेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर सैनिटाइजेशन का कार्य जोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

# निगेटिव रिपोर्ट होने पर ही बेच पाएंगे सब्जी

18-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना कर्फ्यू के कारण हरी सब्जी मंडी में भी क्रय-विक्रय बंद है। शहरवासियों को उनके घर पर सब्जी उपलब्ध कराने के लिए होम डिलीवरी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसकी तैयारी सोमवार को भी चलती रही। होम डिलीवरी करने वाले व्यापारियों एवं उनके सहयोगियों को कोरोना टेस्ट कराना अनिवार्य है और जिसकी रिपोर्ट निगेटिव आएगी वही सब्जी बेच पाएंगे।

सोमवार को मंडी प्रशासन ने आवेदन करने वाले व्यापारियों, विक्रेता और उनके सहयोगी व वाहन चालक की सूची तैयार करवाई है। यह सूची एसडीएम को देने के बाद सभी के कोरोना टेस्ट कराए जाएंगे। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद अनुमति दी जाएगी।

मंडी सचिव एसएन गोयल ने बताया कि 100 से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। अभी 27 मई तक सभी मंडियों को बंद किया गया है। आगे जिला प्रशासन का जैसा आदेश होगा पालन किया जाएगा। सौदा पत्रक से खरीदी चल रही है, जिसके माध्यम से किसान अपनी उपज विक्रय कर सकते हैं।

**सात दुकानों और 57 लोगों पर कार्रवाई**

रतलाम। प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं करने और दुकानें पर खुली रखने पर प्रशासन की टीम द्वारा शहर में कार्रवाई की गई है। नमकीन, किराना दुकान खुली रखने एवं मेडिकल दुकान निर्धारित समय के बाद भी खुली पाए जाने पर सात दुकानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए चौदह हजार रुपये वसूले गए। इसी प्रकार बिना मास्क और अकारण घूमते 57 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 5700 रुपये के चालान बनाए गए।

नईदुनिया 18-5-21

# कोरोना कर्फ्यू में मटन की होम डिलीवरी करते पकड़े

रतलाम | कोरोना कर्फ्यू में चेकिंग के दौरान पीएंडटी कॉलोनी में मटन की दुकान खुली मिली। कस्तूरबा नगर और मोहन नगर में मटन की होम डिलीवरी कर रहे तीन युवकों को पकड़ा।

पुलिस के अनुसार मटन दुकान खुली मिलने पर जुनेद पिता शहजाद कुरैशी निवासी कुरैशी मंडी को, कस्तूरबा नगर में होमडिलीवरी करते भारत पिता बंसीलाल निवासी नयागांव, मोहन नगर में होमडिलेवरी करते मनीष पिता रमेश चौहान तथा उसके भाई नीलेश को पकड़ा। उन पर प्रकरण दर्ज किया है। अन्य जानकारी के अनुसार कुंजड़ों का वास में फल की दुकान में ग्राहकों की भीड़ मिलने पर दुकान संचालक ओझाखाली निवासी अब्दुल सलीम पिता अब्दुल जब्बार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

रतलाम। — कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को जा सकें। कन्टेनमेंट क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन के तहत आदर्श नगर, अलकापुरी अम्बे माता मंदिर के समीप, त्रिमूर्ती नगर, कस्तूरबा नगर, सुनाना ड्रीम्स होम्स, देवरा देव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, दीपक नगर, महेश नगर, सनसिटी, रत्नपुरी, राजबाग, राजीव नगर, कस्तुरबा नगर पीएनटी कालोनी, सुयोग परिसर, अम्बिका नगर, राजीव नगर, जवाहर नगर श्री कालोनी में सेनेटाईजेशन किया गया।

(7)

## नगरीय क्षेत्र में 93 कनटेंनमेंट झोन बनाये

रतलाम। कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 93 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11, 12, 13, 14, 15, 16 व 17 मई को टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कोलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, थावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर, अलकापुरी, भोयरा बावडी, ताहेरपुरा, अलकापुरी मुख्य मार्ग, कस्तुरबा नगर सांवरिया स्वीट् के पास, जवाहर नगर, बाणेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4 आदर्श गुरू कल्याण नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इन्द्रा नगर, सैनिक कालोनी, टाटा नगर गली नम्बर 1 व 8, सिलावटो का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पेलेस, राजस्व कालोनी, खटीक मोहल्ला व हाथीखाना में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है इस तरह 7 दिवस में 93 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं। नव-भारत 18-5-21

नव-भारत
18-5-21

# शहर में 64 कनटेंनमेंट झोन बनाये

रतलाम। कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 64 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11, 12, 13, 14 व 15 मई को टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कोलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, थावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर व अलकापुरी में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है इस तरह 3 दिवस में 64 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।

स्वतंत्र मालवा

स्वतंत्र मालवा
17-5-21

कोरोना से जंग : 321 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे

# 170 नए पाजिटिव और एक की मौत

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मई माह के 17वें दिन सोमवार को 170 नए पाजिटिव केस सामने आए। एक की मौत हुई। 321 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3282 है। जिले में अब तक 16204 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 12654 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 268 पर पहुंच गया है।

### मेडिकल कालेज में 41 नए मरीज भर्ती

शासकीय मेडिकल कालेज में सोमवार को 41 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से 76 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 484 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 316 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 66 है। रेमडेसिविर की

नईदुनिया
18-5-21।

# तय समय के बाद भी खुली मिली 7 दुकानें, 14 हजार का जुर्माना

## एडीएम के नेतृत्व में अफसरों की चार टीम ने की कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

18-5-21

संक्रमण के घातक होने के बावजूद लापरवाह दुकानदार और रहवासियों को सबक सिखाने सोमवार को अफसरों की चार टीम दिनभर कार्रवाई में लगी रही। नेतृत्व एडीएम जमुना भिड़े ने किया।

माणकचौक, स्टेशन रोड, जवाहर नगर, नाहरपुरा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान 7 दुकानें निर्धारित समय के बाद खुली थी। इनमें तीन मेडिकल, दो किराना और दो नमकीन की दुकानें हैं। प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर प्रत्येक दुकानदार से 2000 रुपए का जुर्माना वसूला। इसी दौरान 57 लोगों को सड़कों पर बेवजह घूमते पकड़ा। हर एक से 100 रुपए का जुर्माना लिया। साथ ही लॉकडाउन के बावजूद इस तरह घूमने को लेकर जमकर फटकार भी खाना पड़ी।

दै. भास्कर
18-5-21

**संक्रमण ने रोकी रफ्तार** • लाइन, पंपिंग स्टेशन में बिजली कनेक्शन और उपकरण लगाने सहित छोटे-मोटे काम ही बाकी

# अंतिम चरण में अटका सीवरेज का काम, उपकरण लॉकडाउन में फंसे

## जून में साफ होने लगेगा खेतलपुर एसटीपी तक पहुंचने वाला गंदा पानी, टेस्टिंग हुई शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना कर्फ्यू में खाली सड़कों फायदा उठाकर तेजी से चल रहे सीवरेज सिस्टम के काम की रफ्तार फिर कम हो गई है। वजह वर्किंग एजेंसी के मजदूर गुजरात में फंसे हुए हैं तो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसपीटी) और पंपिंग स्टेशन में लगने वाली मोटर पंप व अन्य उपकरण ट्रांसपोर्ट प्रभावित होने से अब तक नहीं पहुंच पाए हैं।

अच्छी बात यह है कि सीवरेज सिस्टम का काम लगभग 87 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। मजदूर, उपकरण, एसटीपी के लिए एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की एनओसी सहित जरूरी सामान समय पर मिल गया तो जून अंत तक काम हो जाएगा।

**बिछाई 3.8 किमी सीवरेज लाइन :** 4902 मीटर सीवरेज लाइन में से लगभग सवा महीने में 3830 मीटर (लगभग 3.8 किमी) लाइन जयवरुड़ी कंस्ट्रक्शन ने डाल दी है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने लॉकडाउन लगते ही काम शुरू करवा दिया था। अब सिर्फ 1072 मीटर सीवरेज लाइन डलना ही बाकी है। मॉनीटरिंग वेप्कोस एजेंसी के इंजीनियर वैभव शर्मा ने बताया सीवरेज सिस्टम का काम 90 प्रतिशत तक हो गया है।

### यहां चला काम

- सैलाना मेन रोड
- टैंकर रोड
- दो बत्ती से न्यू रोड आनंद फर्नीचर तक
- मोचीपुरा एवं हरमाला रोड चेंबर बन रहा है
- चौमुखीपुल से कसारा बाजार तरफ
- शहीद चौक से रानी जी का मंदिर

### यहां हुआ रिस्टोरेशन

- घास बाजार
- दीनदयाल नगर मेन रोड
- हाट रोड क्रॉसिंग



तैयार होने के बाद खेतलपुर एसटीपी की टेस्टिंग भी शुरू हो गई है।

### सीवरेज सिस्टम अब तक

| काम | टारगेट | हुआ |
|---|---|---|
| मेन लाइन | 281.48 किमी | 271.00 किमी |
| मेनहॉल चैंबर्स | 5026 नग | 5026 नग |
| हाउस लाइन | 226 किमी | 220 |
| हाउस कनेक्शन | 43273 | 18100 |

### सीवरेज की राह में ऐसे आती रहीं अड़चनें

- **मजदूर** - अधिकांश मजदूर गुजरात के हैं। वे मार्च में गुजरात गए थे, लॉकडाउन लगने से वहीं फंस गए हैं। फिलहाल लोकल मजदूर से काम कराना पड़ रहा है।
- **लॉकडाउन** - ट्रांसपोर्ट प्रभावित होने से एसटीपी, पंपिंग स्टेशन के पंप और कुछ महत्वपूर्ण उपकरण नहीं पहुंच पा रहे। लाइन के पाइप की भी कमी है।
- **एनओसी** - पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने अब तक खेतलपुर और करमदी रोड वाले एसटीपी को चालू करने के लिए एनओसी नहीं दी है। एनजीटी की टीम आने वाली थी लेकिन कोरोना की वजह से नहीं आ पाई।
- **स्पेशल टीम** - लाइन से घर में कनेक्शन करने के लिए एजेंसी के पास स्पेशल टीम है जो पूरी गुजरात में फंसी हुई है। इसलिए हाउस कनेक्शन नहीं हो पा रहे।
- **काम बाकी** - बरबड़ के आगे से प्रारंभ मेन लाइन डोंगरे नगर होकर खेतलपुर एसटीपी तक पहुंच गई है, लेकिन गोमदड़े की पुलिया वाले पंपिंग स्टेशन से कस्तूरबा नगर तिराहा तक पाइप लाइन डलना, सहित कुछ काम बाकी है।
- **पंपिंग स्टेशन** - अर्जुन नगर, बरबड़, दीनदयाल नगर, गोमदड़े की पुलिया सहित पांच जगह बन रहे हैं। सिविल वर्क हो चुका, पंप और अन्य उपकरण लगना बाकी।

18-5-2021

3

# खाद्यान्न पात्रता पर्ची के लिए 4 जोन में अब तक 1704 आवेदन

## जिम्मेदारों ने जब जांच की तो मात्र 212 ही निकले पात्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

18-5-21

लॉकडाउन में गरीब परिवारों को परेशानी न हो इसलिए सरकार पात्रता पर्ची विहीन या छूटे गरीब परिवारों को अस्थाई पर्ची बनाकर दे रहे हैं। इसके लिए चार दिन में अब तक नगर निगम के सफाई के चार जोन कार्यालय पर 1704 आवेदन आए हैं। जांच के बाद इनमें से 212 ही पात्र निकले।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया तीन दिन में अब तक सबसे ज्यादा फार्म जोन तीन पर 580 आए हैं। इसके अलावा जोन एक में 317, दो में 332 और जोन चार में 475 फार्म आए हैं। परिवारों का राशन मित्र पोर्टल पर सत्यापन शुरू कर दिया है।

### किस जोन पर कितने फॉर्म आए

| तारीख | जोन एक | जोन दो | जोन तीन | जोन चार |
|---|---|---|---|---|
| 14 मई | 70 | 13 | 80 | 90 |
| 15 मई | 126 | 188 | 350 | 235 |
| 17 मई | 121 | 131 | 150 | 150 |

अब तक 212 हितग्राही ही पात्र पाए गए हैं। पात्रता के दायरे में आने वाले गरीब परिवार अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, अंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड, अमृत सागर उद्यान भवन, हरमाला संपवैल भवन पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक आवेदन दे सकते हैं। साथ में समग्र आईडी, आधार कार्ड और पात्रता के लिए निर्धारित 24 श्रेणी में से एक के दस्तावेज की कॉपी भी साथ में देना होगी।

18-5-21

**राशन-मित्र पोर्टल पर कार्य शुरू**

# पात्रता पर्ची जांच के बाद 1704 में से 212 हितग्राही हुए पात्र

रतलाम. शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों

आवश्यक दस्तावेज लिये जा रहे हैं। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि एनएफएसए 2013 अन्तर्गत 24

रतलाम में भारी बारिश की चेतावनी...

# तूफान के असर से दूसरे दिन भी हुई तेज बारिश

## एक ही दिन में तापमान 9 डिग्री लुढ़का, लोगों को गर्मी से मिली राहत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. तूफान का असर मालवा अंचल के रतलाम में खासा नजर आने लगा है। मौसम विभाग ने मंगलवार को रतलाम में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके पूर्व यहां रविवार के बाद सोमवार को फिर से दोपहर में रुक रुक कर तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। मौसम में हुए अचानक से परिवर्तन के चलते चिलचिलाती गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है और दिन का तापमान सीधे 9 डिग्री नीचे लुढ़क गया है लेकिन बारिश के चलते घरों में लोग अब उमस से परेशान होने लगे हैं।

तूफान के असर से रविवार को शाम से शुरू हुई बारिश रात में भी रुक रुक कर जारी रही। इसके बाद सोमवार को सुबह से मौसम थोड़ा खुला रहा लेकिन दोपहर करीब 3 बजे से फिर तेज हवा के साथ अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई जो कभी तेज तो कभी धीरे चलती रही। बारिश के कारण मौसम सुहाना होने से घरों के बाहर लोगों को ठंडी हवा से काफी राहत मिल रही है जबकि घरों में जाने के बाद उमस से लोग परेशान हो रहे हैं। चक्रवात के चलते अगले 1-2 दिन और बारिश की संभावना जताई जा रही है।

### 9 डिग्री लुढ़का पारा

रविवार को हुई तेज बारिश के बाद सोमवार को फिर से बारिश ने पूरे मौसम को बदल दिया है। रविवार को जहां दिन का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया था तो सोमवार को यह 34.2 डिग्री पर आ गया। वहीं रात के तापमान में भी 3 डिग्री की गिरावट आई है। शनिवार रात तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया तो रविवार की रात्रि यह 24.2 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद अलर्ट से 1-2 दिन और बारिश से मौसम में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### 12 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

जिले में सोमवार प्रातः तक 12 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान आलोट विकासखंड में 4 मिलीमीटर, जावरा विकासखंड में 16 मिलीमीटर, ताल विकासखंड में 5 मिलीमीटर, पिपलोदा विकासखंड में 18 मिलीमीटर, बाजना विकासखंड में 9 मिलीमीटर, रतलाम विकास खंड में 15 मिलीमीटर, रावटी विकासखंड में 6 मिलीमीटर तथा सैलाना विकासखंड में 23 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले की सामान्य वर्षा 918.3 मिलीमीटर है।

## आज नहीं होगा टीकाकरण

कोविड टीकाकरण सत्र में 1001 लोगों को टीके लगाए गए। 18 मई मंगलवार को कोविड संबंधी टीकाकरण नहीं किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने बताया कि 18 वर्ष से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों का प्री बुकिंग कराने के लिए टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व प्रातः 9 बजे से 11बजे के मध्य पोर्टल बुकिंग के लिए खुलेगा अर्थात बुधवार को टीकाकरण के लिए मंगलवार को प्रातः 9 बजे से 11 के मध्य पोर्टल बुकिंग के लिए खुलेगा। इच्छुक हितग्राही इस दौरान अपना ऑनलाईन प्री बुकिंग एप पर करवा सकते हैं। सोमवार, बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार का दिवस निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि कोविशिल्ड का टीकाकरण कराने वाले सभी हितग्राहियों के लिए दूसरा टीका लगवाने के लिए प्रथम और द्वितीय टीके के मध्य कम से कम 84 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। 84 दिन का अंतर ना होने की दशा में कोविशिल्ड का दूसरा टीका नहीं लगाया जा सकेगा।

पत्रिका
18-5-21

1

**निगम ने दो दुकानदारों पर किया जुर्माना-** नगर निगम के स्पॉट फाइन दल ने सोमवार को जावरा फाटक रोड क्षेत्र में आशीर्वाद मेडिकल स्टोर और दूध डेरी पर कार्रवाई की। प्रत्येक दुकानदार से 2000 रुपए का जुर्माना लिया।

18-5-21

## दो दुकानदारों पर 2-2 हजार का जुर्माना

रतलाम. कोरोना वायरस के संक्रमण पर रोक लगाने हेतु सब कुछ बंद है। इसके बाद भी कुछ लोग अपनी दुकान बगैर मंजूरी के खोल रहे है। इस प्रकार के दुकान संचालकों पर दो दो हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने बताया जावरा फाटक रोड क्षेत्र में आशीर्वाद मेडिकल स्टोर व एक दुध डेरी द्वारा तय सीमा के बाद भी दुकान खुली रखने पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा संबधितों का 2000-2000 रूपये का जुर्माना कर दुकानों को बंद करवाया। पत्रिका 18-5-21।

पत्रिका

18-5-21।

## दो दुकानदारों पर 2000-2000 का जुर्माना

रतलाम। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण पर रोक -लगाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार